# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़

**विभागाध्यक्ष कार्यालय, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर, छ.ग.**
**Phone No. 0771-2418990** **E-Mail ID- dhscggazted@gmail.com**

क्रमांक/ESTB-102(2)/275/2026/विज्ञप्त/ नवा रायपुर, दिनांकः 17-06-2026

## //सूचना//

**''वर्ष 2026 में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अनुबंध आधार पर दो वर्ष की शासकीय सेवा का अवसर हेतु काउंसलिंग की सूचना''**

**—00—**

विषयांतर्गत वर्ष 2026 में छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र–छात्राओं को उनके द्वारा किये गये अनुबंध अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु पदस्थापना के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, छत्तीसगढ़ के माध्यम से दिनांक **19.06.2026 से 03.07.2026** तक Online Choice Filling & Seat Allotment आयोजित की गई है। संचालनालय चिकित्सा शिक्षा से प्राप्त सूची अनुसार उक्त काउंसलिंग में वर्ष 2026 में राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों से एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र–छात्रायें अनिवार्य रूप से भाग लेंगे (सूची संलग्न)।

काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) रायपुर, छत्तीसगढ़ के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य संस्थाओं एवं चिकित्सा महाविद्यालयों के रिक्त पदो पर मेरिट के आधार पर पदस्थापना हेतु किये जायेगें। यदि कोई अभ्यर्थी Online Counseling में सम्मिलित नहीं होता अथवा विकल्प का चयन नहीं करने की स्थिति में **राउंड 3 की काउंसलिंग के उपरांत** उक्त अभ्यर्थीयों को आवश्यकतानुसार स्वतः पदस्थापना स्थल Software के माध्यम से आबंटित किया जावेगा।

उक्त काउंसलिंग की संपूर्ण प्रक्रिया, अभ्यर्थीयों की सूची, काउंसलिंग प्रक्रिया का विवरण (User Manual), काउंसलिंग का शेड्यूल एवं काउंसलिंग संबंधित अन्य जानकारी एवं विवरण हेतु अभ्यर्थी निरतंर विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in **तथा** https://govthealth.cg.gov.in/cgsc-bond का अवलोकन करते रहें।

### ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु आवेदन करने के संबंध में दिशा–निर्देश :–

### 1. चॉइस फिलिंग और लॉकिंग (Choice Filling and Locking)

- संचालनालय चिकित्सा शिक्षा से प्राप्त **मेरिट** सूची **में अंकित** उम्मीदवार **अपने एनरोलमेंट नंबर तथा पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर लॉग इन करने के पश्चात्** अपनी पसंद की स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता क्रम अंकित करते हुए विकल्प (Choice) भरना हैं।

- **उम्मीदवार अपने आधार नंबर के अंतिम 8 क्रमांक की प्रविष्ठी करेंगे|**
- स्वास्थ्य संस्था की प्राथमिकता क्रम में चॉइस भरने के बाद उन्हें लॉक करना है।
- यदि अभ्यर्थी स्वयं लॉक नहीं करते, तो अंतिम भरे विकल्प ऑटोमैटिक लॉक हो जायेंगे।

**2. पदस्थापना स्थल का अलॉटमेंट (Allotment)**

- एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की मेरिट एवं अभ्यर्थीयों की संस्था के चॉइस के अनुसार पदस्थापना स्थल अलॉट होंगे।
- पदस्थापना स्थल अभ्यर्थीवार Allotment की जानकारी काउंसलिंग के चरणानुसार वेबसाइट पर जारी किये जायेगें।

**3. अलॉटमेंट (पदस्थापना स्थल) पत्र डाउनलोड और रिपोर्टिंग (Download Posting Order & Reporting)**

- जिन उम्मीदवारों को काउंसलिंग उपरांत पदस्थापना स्थल मेरिट के आधार पर अलॉट किया जावेगा, संबंधित अभ्यर्थी अलॉटमेंट पत्र डाउनलोड कर एवं भाासन द्वारा पदस्थापना आदेश जारी होने के पश्चात निश्चित समयसीमा में संबंधित संस्था में रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

**4. काउंसलिंग प्रक्रिया का शेड्यूल** :– वर्ष 2026 में छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अनुबंधित छात्र–छात्राओं की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया का भोड्यूल निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :–

| राउंड | **प्रक्रिया** | **तिथि (संभावित)** |
|---|---|---|
| 1 | **चॉइस फिलिंग और लॉकिंग** | 19.06.2026 से 23.06.2026 |
| अलॉटमेंट **लिस्ट** 1 | अलॉटमेंट लिस्ट 1 | 24.06.2026 |
| 2 | **चॉइस फिलिंग और लॉकिंग** | 25.06.2026 से 27.06.2026 |
| अलॉटमेंट लिस्ट 2 | अलॉटमेंट लिस्ट 2 | 28.06.2026 |
| 3 | **चॉइस फिलिंग और लॉकिंग** | 29.06.2026 से 01.07.2026 |
| अलॉटमेंट लिस्ट 3 | अलॉटमेंट लिस्ट 3 तथा random अलॉटमेंट | 02.07.2026 |
| अनंतिम आवंटन सूची | | 03.07.2026 |

**आयुक्त सह संचालक द्वारा अनुमोदित**

Digitally signed by
Premlata
Date: 17-06-2026
17:50:58

**संयुक्त संचालक**
**स्वास्थ्य सेवायें**
**छत्तीसगढ़**